# बिहार सरकार
## विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना।

पत्रांक– वि०प्रा०(VI) विविध–21/20 1400 /पटना, दिनांकः 1-6-2020

प्रेषक,

**निदेशक,**
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**सभी प्राचार्य,**
राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय

विषयः– **दिनांक–10.04.2020 से 24.04.2020 तक राजकीय अभियंत्रण महविद्यालयों के समीक्षात्मक बैठक में लिए गए निर्णय का अनुपालन सुनिश्चित करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दिनांक–10.04.2020 से 24.04.2020 तक अपर मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में विभागान्तर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों का विडियो कॉन्फ्रेसिंग के द्वारा की गई समीक्षात्मक बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में निम्नलिखित कार्यो का अनुपालन आपके द्वारा सुनिश्चित किया जाना है।

| क्र0सं0 | विषय | अनुपालन |
|---|---|---|
| 1. | GATE के Mock परीक्षा कराने हेतु एम०आई०टी०, मुजफ्फरपुर को नोडल सेन्टर के रूप में चयनित किया गया है। | प्राचार्य, एम०आई०टी०, मुजफ्फरपुर |
| 2. | विभागीय पत्रांक 1139, दिनांक 24.03.2020 के आलोक में सभी Faculty members को अपने विषयों के Question Bank (unit wise) बनाने का निदेश दिया गया है, इसके आलोक में विषयवार Question Bank का संकलन करने हेतु बी०सी०ई० भागलपुर को नोडल सेन्टर के रूप में चयनित किया गया है। | प्राचार्य, बी०सी०ई० भागलपुर |
| 3. | सभी राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के छात्रों को अभियंत्रण पाठ्यक्रम में कम्प्यूटर की उपयोगिता के प्रति जागरूक कराया जाए। एवं सभी छात्रों को Laptop क्रय करने हेतु प्रोत्साहित करें। | सभी प्राचार्य, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय |
| 4. | स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ उठाने हेतु प्रथम वर्ष के सभी छात्रों के लिए Induction Programme के प्रथम दिन DRCC से समन्वय स्थापित कर कार्यशाला का आयोजन कराया | सभी प्राचार्य, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय |

| | | |
|---|---|---|
| | जाए। | |
| 5. | Extra-curricular activities को बढ़ावा देने हेतु प्रत्येक संस्थान में Literary club, Drama club, Cultural club, Photography club, Social service club इत्यादि की गठन किया जाए। इसके अलावा Magazine committee का भी गठन किया जाए, जिनका दायित्व सभी छात्रों एवं Faculty से Magazine contents आमंत्रित करेंगें एवं प्रत्येक माह e-magazine प्रकाशित करेंगें। | सभी प्राचार्य, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय |
| 6. | प्रत्येक वर्ष Annual Sports एवं Cultural Programme आयोजन करने हेतु निधि आवंटित किया जाना है। | उप निदेशक (यो०) एवं सभी प्राचार्य, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय |
| 7. | पुस्तकालय का कार्य–अवधि 12 बजे अपराह्न से 8 बजे तक प्रत्येक कॉलेज में पुनर्निर्मित किया जा सकता है ताकि छात्रों को सुविधाओं का उपयोग करने के लिए अतिरिक्त समय प्रदान किया जा सके। | सभी प्राचार्य, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय |
| 8. | गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया के प्राचार्य को निदेश दिया जाता है कि नवनिर्मित Professor एवं Staff Quarter को अधिग्रहण कर लें, जिससे Girls hostel कैंपस में शुरू किया जा सके। | प्राचार्य, गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया |
| 9. | लॉकडाउन के दौरान जो भी Innovation कार्य प्रत्येक राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों द्वारा किया गया है, उसका Presentation विभाग को 08.06.2020 तक उपलब्ध करायें। इस Presentation में छात्रों एवं faculty द्वारा Certification Course, Special recognition प्राप्त हुआ उसका उल्लेख करें। इस लॉकडाउन अवधि में किये गए कार्यों का एक Booklet एवं Prospectus भी तैयार करें। | सभी प्राचार्य, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय |

कृपया उपरोक्त कार्य का अनुपालन अतिशीघ्र करना सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन

01.06.2020

**निदेशक,**
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।